संपादकीय

जीत की रीत

महामारी से उदास मौसम और सीनियर क्रिकेट टीम की डगमगाती जीत की लय के बीच अंडर-19 टीम के युवा खिलाड़ियों ने पांचवीं बार विश्वकप भारत की झोली में डालकर उल्लास का संचार किया। टीम की एकजुटता ने कई खिलाड़ियों के कोरोना पॉजिटिव होने के बावजूद जीत का करिश्मा दिखाया। टीम शुरुआत से ही जीत की लय में दिखी, सभी मैच शानदार तरीके से जीते। उभरते खिलाड़ियों ने देश-दुनिया को बता दिया कि भारतीय क्रिकेट का भविष्य उज्ज्वल है। फाइनल में इंग्लैंड को कम स्कोर में समेटकर युवाओं ने जिस तरह से दबाव को संभाला, वह प्रशंसनीय है। बहरहाल, कप्तान यश ढुल- मोहम्मद कैफ, विराट कोहली, उन्मुक्त चंद और पृथ्वी शॉ के रूप में उन सफल कप्तानों की सूची में शामिल हो गये, जिन्होंने भारत की झोली में अंडर-19 विश्वकप डाला। निश्चित रूप से यश ढुल की यश पताका क्रिकेट के आकाश में फहरायेगी, क्योंकि पूर्व के चार कप्तानों में से कैफ, कोहली व पृथ्वी शॉ ने सीनियर टीम में जगह ही नहीं बनायी, अपने खेल से क्रिकेट जगत को आलोकित भी किया। टीम की बल्लेबाजी दमदार व गेंदबाजी सधी रही। गेंदबाजों की गति व स्पिन ने विरोधी टीमों को मुश्किल में डाले रखा। टीम की कामयाबी का एक पक्ष यह भी कि सलामी बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी टूर्नामेंट में शीर्ष रन बनाने व विकेट लेने वालों में शामिल रहा। कप्तान यश का जज्बा देखिये कि कोविड से उबरने के बाद उसने सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ 110 रन की विजयी पारी खेली। इस टूर्नामेंट की एक बड़ी उपलब्धि राज बावा का एक हरफनमौला खिलाड़ी के रूप में मिलना है, जिसने फाइनल मैच में इंग्लैंड के खिलाफ न केवल पांच विकेट लिये बल्कि कीमती पैंतीस रन भी बनाकर मैन ऑफ द मैच घोषित घोषित हुआ। निस्संदेह राज बावा में भारत के उस सीम ऑलराउंडर का अक्स उभरा है, जिसकी तलाश भारत को वर्षों से रही है। साथ ही फाइनल में अर्द्धशतक बनाने वाले निशांत सिंधु व उपकप्तान शेख रशीद ने भी भविष्य की उम्मीदें जगायी हैं।

अंडर-19 विश्व कप में दमदार खेल दिखाने वाले इन क्रिकेटरों की उम्मीदों की यात्रा का आगाज हुआ है। निस्संदेह, भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने इन्हें कुशल प्रशिक्षण देने व संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन्हें निरंतर निखारने की जरूरत है ताकि ये वक्त आने पर टीम इंडिया में अपनी जगह बना सकें। पक्की बात है कि इसी माह होने वाली आईपीएल की नीलामी में इन खिलाड़ियों को अतिरिक्त अधिमान मिलेगा। मध्यवर्गीय परिवारों से आने वाले खिलाड़ियों को अपने व परिवार के सपने सच करने में मदद मिल सकेगी। पिछले कुछ वर्षों में राहुल द्रविड़ आदि सीनियर खिलाड़ियों द्वारा दिया गया प्रशिक्षण भी नवोदित खिलाड़ियों को निखारने में सहायक बना, जिसका असर इस बार के अंडर-19 के फाइनल में दिखा। पहली बार अंडर-19 के फाइनल में किसी भारतीय गेंदबाज ने पांच विकेट लिये। रणनीति में बदलाव के तहत भारतीय कप्तान यश ढुल ने फाइनल मैच में सात गेंदबाजों का इस्तेमाल किया। गेंदबाजी की रणनीति ही थी कि पिछली बार भारत से खिताबी जीत छीनने वाले बांग्लादेश को क्वार्टर फाइनल में रवि कुमार ने शुरुआत में तीन विकेट का ऐसा झटका दिया कि उससे टीम आखिर तक उबर नहीं पायी। निस्संदेह, टीम की एकजुटता व रणनीतियों में नये प्रयोग निर्णायक जीत का आगाज करते हैं। अंडर-19 में भारतीय क्रिकेटरों की नई पौध के दमखम का अंदाज इस बात से लगाया जा सकता है कि टीम आठ बार फाइनल में पहुंची। पांच बार खिताबी जीत हासिल की और तीन बार टीम उपविजेता रही। इस बार तो कोरोना संकट की बड़ी चुनौती भी थी। एक समय ऐसा आया कि कप्तान यश ढुल समेत कई प्रमुख खिलाड़ी कोरोना से पीड़ित हो गये। यहां तक कि युगांडा के खिलाफ छह रिजर्व खिलाड़ियों के साथ टीम मैदान में उतरी और विजय अभियान को फिर भी रुकने नहीं दिया।

डीबी रियल्टी के शेयरों ने एक साल में 6 गुना से अधिक कर दिया निवेशकों का पैसा

नई दिल्ली। बिग बुल राकेश झुनझुनवाला के पोर्टफोलियो का एक शेयर इस साल उड़ान भर रहा है। डीबी रियल्टी के शेयर 2022 में अब तक 137 प्रतिशत से अधिक रिटर्न दे चुके हैं। आज एक खबर के बाद इसमें अपर सर्किट लगा है। मल्टीबैगर स्टॉक ने एक महीने में 86प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की है, जबकि पिछले छह महीनों में यह 387प्रतिशत से अधिक बढ़ गया है। फरवरी 2021 में ?18 प्रति शेयर से रियल्टी स्टॉक एक वर्ष की अवधि में 521प्रतिशत से अधिक बढ़ गया है। 2022 में अब तक, डीबी रियल्टी के शेयर 137प्रतिशत से अधिक ऊपर हैं।

डीबी रियल्टी लिमिटेड ने बुधवार को कहा कि उसके बोर्ड ने आज हुई बैठक में इक्विटी शेयरों के बराबर संख्या में परिवर्तनीय 50 लाख वारंट जारी करके धन जुटाने को मंजूरी दी है। डीबी रियल्टी के शेयर बीएसई पर 116 रुपये प्रति शेयर पर 5त्न के ऊपरी सर्किट स्तर पर पहुंच गए।

परिवर्तनीय वारंट 7,70,00,000 वारंट के अतिरिक्त होंगे जैसा कि पिछले सप्ताह हुई बोर्ड बैठक के परिणाम में खुलासा किया गया था। डीबी रियल्टी ने आज एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी घोषणा की। अन्य गैर-प्रवर्तक निवेशकों में लोटस फैमिली ट्रस्ट भी शामिल है, जिसका प्रतिनिधित्व इसके ट्रस्टी द्वारा किया जाता है।

वारंट इश्यू मूल्य वह मूल्य होगा, जो सेबी आईसीडीआर विनियमों के अध्याय और अन्य लागू विनियमों के अनुसार निर्धारित मूल्य से कम नहीं होगा। मुंबई स्थित रियल्टी फर्म को सूचित किया कि यदि कोई हो और उसी को 10/- रुपये के अंकित मूल्य के बराबर संख्या में इक्विटी शेयरों में प्रयोग किया जा सकता है। प्रत्येक वारंट 1 इक्विटी शेयर में परिवर्तनीय है और आवंटन की तारीख से 18 महीने की अवधि के भीतर किसी भी समय एक या अधिक किश्तों में रूपांतरण का प्रयोग किया जा सकता है।

रियल्टी फर्म द्वारा प्रमोटरों और निवेशकों को वारंट जारी करके 563 करोड़ रुपये जुटाने की योजना की घोषणा के बाद पिछले कुछ कारोबारी सत्रों से डीबी रियल्टी के शेयरों में ऊपरी सर्किट के स्तर पर लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

शेयर बाजार में रौनक, सेंसेक्स 657 अंक मजबूत होकर बंद

भारतीय शेयर बाजार में एक बार फिर से रौनक देखने को मिल रही है। सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन यानी बुधवार को सेंसेक्स 657.39 अंक या 1.14 फीसदी की बढ़त के साथ 58,465.97 अंक के स्तर पर बंद हुआ। अगर निफ्टी की बात करें तो ये 197.05 अंक या 1.14 फीसदी मजबूत हो गया। कारोबार के अंत में निफ्टी 17,463.80 अंक के स्तर पर ठहरा। बढ़त वाले शेयर्स में मारुति, इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, टाइटन, एचसीएल, विप्रो, एयरटेल, टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, रिलायंस और महिंद्रा शामिल हैं। गिरावट वाले शेयर में सनफार्मा, आईटीसी और पावरग्रिड है।

साल की बेस्ट महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना पहले ओडीआई में नहीं खेल पाएंगी

नई दिल्ली। भारतीय महिला टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में नहीं खेल पाएंगी। मंधाना का न्यूजीलैंड के खिलाफ कम से कम पहले वनडे से बाहर होना तय है। क्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक, मंधाना को अभी कुछ दिन और आइसोलेशन में रहना होगा। न्यूजीलैंड सरकार के चरंटीन नियमों के कारण मंधाना को एकमात्र टी20 से भी बाहर होना पड़ा था। इस मुकाबले में भारतीय टीम को बुधवार को 18 रन से हार का सामना करना पड़ा। भारत को न्यूजीलैंड दौरे पर 12 से 20 फरवरी तक पांच मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है। सीरीज के सभी मैच चींसटाउन के ओवल मैदान पर खेले जाएंगे। मार्च में न्यूजीलैंड में होने वाले 50 ओवरों के विश्व कप से पहले यह सीरीज भारतीय टीम के लिए काफी अहम मानी जा रही है।

लगातार चौथी जीत के साथ शीर्ष पर मजबूत हुए पाइरेट्स, मुम्बा को 9 अंक से हराया

बेंगलुरु । तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स ने मंगलवार को वीवो प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आठवें सीजन के 103वें मैच में यू मुम्बा को 47-36 से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर खुद को मजबूत कर लिया है। पटना को 17 मैचों में 12वीं जीत मिली है जबकि मुम्बा को इतने ही मैचों में छठी हार मिली। पटना की जीत में सचिन तंवर (16 अंक) के अलावा गुमान सिंह (11 अंक) अहम योगदान रहा। अभिषेक सिंह ने मुम्बा के लिए 13 अंक लिए जबकि अंतिम पलों में वी अजीत कुमार ने भी अपना सुपर-10 पूरा किया लेकिन इनके प्रयास टीम के लिए नाकाफी साबित हुए।

कीमती धातुओं में आई मामूली तेजी

मुंबई। वैश्विक बाजार की तेजी से समर्थन पाकर घरेलू सर्राफा बाजार में सोना में 97 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी में 88 प्रति किलोग्राम की मामूली बढ़त रही। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोना हाजिर 0.17 प्रतिशत की तेजी के साथ 1823.33 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। साथ ही अमेरिकी सोना वायदा 0.21 प्रतिशत चढक़र 1824.40 डॉलर प्रति औंस हो गया। इस दौरान चांदी हाजिर 0.17 प्रतिशत की बढ़त लेकर 23.03 डॉलर प्रति औंस बोली गई।

स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से वैश्विक बाजार की तेजी का असर देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स में मामूली रहा। इस दौरान सोना 97 रुपये बढक़र 48325 रुपये प्रति दस ग्राम और सोना मिनी 92 रुपये मजबूत होकर 48260 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया। इस दौरान चांदी 88 रुपये की बढ़त लेकर 62123 रुपये प्रति किलोग्राम और चांदी मिनी 72 रुपये तेज होकर 62373 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

आईपीएल 2022 : खत्म हुआ इंतजार, ऑक्शन से पहले हार्दिक पंड्या की टीम के नाम का ऐलान

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग में पहली बार हिस्सा ले रही अहमदाबाद टीम ने अपने नाम का ऐलान कर दिया है। ये टीम गुजरात टाइटन्स के नाम के साथ मैदान में उतरेगी। लंबे वक्त से टीम के नाम का इंतज़ार किया जा रहा था, अब जब ऑक्शन में सिर्फ कुछ ही दिन बचे हैं तब फ्रेंचाइज़ी ने इसकी घोषणा कर दी है।

गुजरात टाइटन्स पहली बार आईपीएल में हिस्सा ले रही है और उसने हार्दिक पंड्या को अपना कप्तान चुना है। सीवीसी ग्रुप की टीम अहमदाबाद ने हार्दिक पंड्या के अलावा राशिद खान और शुभमन गिल को अपने साथ ऑक्शन से पहले जोड़ा है। टीम के सह-मालिक सिद्धार्थ पटेल ने नाम को लेकर बताया कि गुजरात टाइटन्स को लेकर हमने काफी रिसर्च की। हमने इसके लिए एक एजेंसी हायर की थी, हमारी कोशिश थी कि हम पूरे गुजरात की छवि को आगे पेश कर सकें।

टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या ने कहा कि मेरा परिवार गुजरात से है, सभी लोग गुजरात में रहते हैं। जब सभी को पता लगा कि मैं गुजरात टीम की कप्तानी कर रहा हूं, तो उनकी आंखों में एक बेहतरीन गर्व था।

गुजरात टाइटन्स की टीम ने हार्दिक पंड्या को 15 करोड़, राशिद खान को 15 करोड़ और शुभमन गिल को 8 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा है। टीम के पास अभी भी 52 करोड़ रुपये बचे हुए हैं जिसका इस्तेमाल ऑक्शन में किया जा सकेगा। गुजरात टाइटन्स के साथ टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर आशीष नेहरा बतौर कोच जुड़े हैं, जबकि टीम इंडिया को वर्ल्डकप जिताने वाले कोच गैरी कर्स्टन बतौर मेंटर टीम के साथ रहेंगे। इनके अलावा विक्रम सोलंकी टीम के डायरेक्टर रहेंगे।

कोविड से उबरने के बाद फिटनेस हासिल करने के लिए जूझ रहे श्रेयस और धवन

नई दिल्ली । वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज से पहले कोरोना संक्रमित पाए गए टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन और मध्य क्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर की कोविड रिपोर्ट नेगेटिव आई थी, जिसके बाद अब ये दोनों खिलाड़ी टीम के साथ ट्रेनिंग सेशन में हिस्सा लेते हुए नजर आए हैं। बीसीसीआई ने अपने ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट से एक वीडियो शेयर की है, जिसमें दोनों खिलाडिय़ों ने कोविड से उबरने के बाद की समस्याओं और अपने पहले ट्रेनिंग के बारे में बात की है। बीसीसीआई ने बुधवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे से पहले ट्वीट किया, शिखर धवन और श्रेयस अय्यर ने कोविड-19 से उबर गए हैं और दूसरे वनडे से पहले टीम के साथ ट्रेनिंग किया है। धवन और अय्यर दोनों को बाकी टीम के साथ ट्रेनिंग करते देखा गया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन वनडे मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले धवन के लिए टीम में जगह बनाना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। क्योंकि बतौर ओपनर केएल राहुल भी दूसरे वनडे से चयन के लिए उपलब्ध हैं।

विराट और अनुष्का ने ब्लू ट्राइब में किया निवेश, बनें ब्रांड एंबेसडर

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली और उनकी पत्नी अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने प्लांट-बेस्ड मीट प्रोडक्ट्स के घरेलू ब्रांड ब्लू ट्राइब में निवेश करने के साथ ही उसके ब्रांड एंबेसडर भी बन गये हैं। अनुष्का शर्मा ने कहा, विराट और मैं हमेशा पशु प्रेमी रहे हैं। हमें मांस-मुक्त जीवन शैली अपनाने का फैसला लिए हुए कई साल हो गए हैं। ब्लू ट्राइब के साथ सहयोग लोगों को यह बताने के लिए एक कदम है कि कैसे वे अधिक जागरूक हो सकते हैं और प्लांट-बेस्ड डाइट को अपनाकर धरती को कम प्रभावित कर सकते हैं। हमें उम्मीद है कि अधिक से अधिक लोग इसकी आवश्यकता को समझना चाहेंगे और इस प्रकार यह पृथ्वी और जीवन की मदद करेगा।

विराट ने कहा, आखिरकार, मैं भी खाने का शौकीन हूं। मैं बड़ी मात्रा में कार्बन फुटप्रिंट छोड़े बिना उसी तरह के भोजन का आनंद लेना चाहता हूं। मुझे पता है कि बहुत से लोग ऐसा ही महसूस करते हैं। इसलिए मेरा मानना है कि हम स्वाद को बदले बिना मीट पर अपनी निर्भरता को कम कर सकते हैं और हमारा यह फैसला धरती को बदलने की संभावना रखता है। यह वह जगह है जहां ब्लू ट्राइब गेमचेंजर साबित हो रहा है, जो वास्तव में स्वादिष्ट और अच्छे भोजन के बीच एक सही संतुलन बना रहा है।

ब्लू ट्राइब के सह-संस्थापक संदीप सिंह ने कहा, आज पर्यावरण की वास्तविक समस्या यह है कि हर कोई सोचता है कि इसकी सुरक्षा किसी और की समस्या है, फिर भी हमारे उत्पादों का उद्देश्य मांसाहारी खाने वालों के लिए है जो अपने पसंदीदा व्यंजनों के स्वाद से समझौता किए बिना स्वस्थ, पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों को अपनाना चाहते हैं।

आज का राशिफल

मेष:आज आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा। आज ऑफिस में कार्य का टारगेट पूरा होने से बॉस आपसे खुश होकर आपको कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट करेंगे, साथ ही पदोन्नति के अवसर भी मिलेंगे।

वृष:आज घरेलू चीजों की खरीदारी करेंगे। बेरोजगारों को रोजगार के उचित अवसर प्राप्त होंगे। माता-पिता का आशीर्वाद आपको मंजिल तक पहुचाने में मदद करेगा। राजनीति में आप सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

मिथुन:अपनी बढ़ी हुई ऊर्जा के साथ आप कोई काम करेंगे तो वह काम समय से पूरा हो जाएगा। कार्यक्षेत्र में दिन को बेहतर बनाने में आपका आत्मविश्वास मददगार साबित होगा। जीवनसाथी के जीवन में बदलाव आने से खुशी का माहौल बनेगा।

कर्क:आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। ऑफिस में आज किसी बात को लेकर बॉस से आपको डांट पड़ सकती है। ज्यादा क्रोध करने से आपका काम बिगड़ सकता है, बेहतर होगा कि आज किसी भी बात पर गुस्सा करने से बचें।

सिंह:आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज आपको कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता मिलेगी। आज अपने जीवनसाथी पर भरोसा बनाये रखें, रिश्तों में और मजबूती आयेगी।

कन्या:आज का दिन सामान्य रहेगा। राजनिति से जुडे लोगों का दिन अच्छा है, आज आपकी बातों से लोग प्रभावित होंगे। आज आपकी सोच में सकरात्मकता आयेगी।

तुला:आज किस्मत आपका साथ देगी। आज ऑफिस मे सारे काम आसानी से पूरे हो जायेंगे। छात्र अपने बेहतर भविष्य के लिए सोच-विचार कर अच्छी योजना बनाऐंगे। ज्यादातर समय परिवारवालों के साथ बीतेगा।

वृश्चिक:आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आज आप अपने नजदीकी रिश्तों को सुधारने की कोशिश करेंगे, जिसमे आपको सफलता जरूर मिलेगी। इस राशि के बेरोजगार लोगों को आज किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब का ऑफर मिलने के योग बन रहे हैं।

धनु:आज आप रिश्तों के प्रति भवना से परिपूर्ण रहोगे, जीवनसाथी के साथ कुछ अच्छा करने की योजना बनायेंगे। आपकी संतान की इच्छाओं में वृद्धि होगी। इस राशि के आर्किटेक्ट क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज सफलता मिलनी तय है।

मकर:आज मेहनत से किए हुए सारे कार्य पूरे होंगे। बिजनेस के मामले में आज आप किसी से मीटिंग करेंगे, जिसमे आपको सफलता मिलेगी। किसी के साथ पैसों का लेन-देन करते समय सावधानी बरतने की जरूरत है।

कुम्भ:आज आपका मन लेखन कार्यों में रहेगा, आपकी कविता के लिए किसी समारोह में आपको पुरस्कार भी मिलेगा। अगर आप कोई नया व्यापार शुरू करना चाहते हैं तो आज का दिन आपके लिए शानदार है।

मीन: आज का दिन आपका खुशनुमा रहेगा। इस राशि के अविवाहितों के लिए आज अच्छे रिश्ते आयेंगे। इस राशि के नौकरी कर रहे लोगों का ट्रांसफर ऐसी जगह हो सकता है जहां उनको नौकरी करने में थोड़ा आराम रहेगा।

शाहरुख अभिनीत राजकुमार हिरानी की फिल्म में दिखेंगे विक्की कौशल

बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान काफी समय से राजकुमार हिरानी की फिल्म को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। हाल में ऐसी चर्चा चली थी कि शाहरुख की यह फिल्म गैरकानूनी इमिग्रेशन पर आधारित होगी। अब इस फिल्म को लेकर एक अहम जानकारी सामने आई है। खबरों की मानें तो इस फिल्म में हरफनमौला अभिनेता विक्की कौशल की एंट्री हो गई है। वह फिल्म में शाहरुख के साथ नजर आने वाले हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, राजकुमार अभिनेता विक्की के साथ इस फिल्म के लिए बातचीत कर रहे हैं। एक सूत्र ने बताया, फिल्म मुन्नाभाई एमबीबीएस से लेकर राजकुमार की फिल्मों में हमेशा स्पेशल रोल होते हैं, जिसमें इंडस्ट्री के जाने-माने चेहरे की कास्टिंग होती है। चाहे वह मुन्नाभाई फ्रेंचाइजी में जिमी शेरगिल हों, या पीके में संजय दत्त और सुशांत सिंह राजपूत हों या फिर संजू में विक्की। अब राजकुमार की फिल्म के लिए विक्की को अप्रोच किया गया है।

सूत्र ने यह भी बताया कि विक्की के अलावा मेकर्स कुछ अन्य कलाकारों के नामों पर भी विचार कर सकते हैं। फिलहाल फिल्म के लिए रेस में विक्की सबसे आगे हैं। कहा जा रहा है कि विक्की और राजकुमार की संजू के सेट पर अच्छी बॉन्डिंग बन गई थी। इसलिए विक्की मेकर्स की पहली पसंद में शामिल हैं। फिलहाल डेट्स, टाइमलाइन और अन्य पहलुओं पर काम किया जा रहा है। जल्द विक्की की ऑफिशियल एंट्री हो सकती है।

कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 2 सिनेमाघरों में 20 मई को आएगी

कोरोना वायरस की तीसरी लहर के कारण कई फिल्मों की रिलीज डेट आगे बढ़ी है। अब इस सूची में कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 2 का नाम भी शामिल हो गया है। पहले यह फिल्म इस साल 25 मार्च को रिलीज होने वाली थी। अब मेकर्स ने नई रिलीज डेट घोषित कर दी है। कार्तिक की भूल भुलैया 2 20 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अनीस बाज्मी ने इस फिल्म का निर्देशन किया है।

फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने अपने ट्विटर हैंडल पर जानकारी शेयर की है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, फिल्म भूल भुलैया 2 जो इस साल 25 मार्च को रिलीज होने वाली थी, अब यह फिल्म एक नई डेट 20 मई, 2022 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।

उड़ीसा के टेस्टी डिश 'एंडरी पीठा'

केक का नाम सुनते ही बस क्रीमी टेक्सचर और फ्रूटी फ्लेवर्स याद आते हैं। लेकिन आज हम बनाने वाले हैं नमकीन केक, जो उड़ीसा के स्वादिष्ट व्यंजनों में से एक है। बच्चों को सब्जियां खिलाने का बेस्ट तरीका।

सामग्री :

1 कप उड़द दाल या उड़द दाल का आटा, 1/2 कप चावल या चावल का आटा, 1/2 कप सूजी, कद्दूकस की हुई कुछ मौसमी सब्जियां (गाजर, गोभी, शिमला मिर्च, पत्तागोभी, बीन्स, हरा प्याज, हरी धनिया, हरी मिर्च), नमक स्वादानुसार, 2 टेबलस्पून दही, 1 बटर पेपर या ग्रीसिंग के लिए ऑलिव ऑयल, सजाने के लिए सफेद तिल, 1 किलो बेस के लिए सेंधा नमक

विधि :

दाल और चावल को अलग-अलग भिगोएं। इसे रात में भिगोएं और अगले दिन पीस लें या दोनों आटे का घोल बनाकर रात भर रख दें। इससे सुबह खमीर उठ जाएगा। इस बैटर को अच्छी तरह फेटें। अब इसमें मौसमी सब्जियों को मिलाकर चलाएं। अब नमक डालें। इसमें दही मिलाकर अच्छी तरह फेटें। इस केक को कुकर में बनाने के लिए एक कुकर लें। इसमें तली पर सेंधा नमक फैलाएं। इससे केक अच्छी तरह बेक हो सकेगा। एक छोटी साइज की बेकिंग ट्रे लें। इसमें बटर पेपर फैलाएं। अगर बटर पेपर न हो, तो ऑलिव ऑयल से अच्छी तरह बेकिंग ट्रे को ग्रीस करें। बैटर को डालने से पहले इसमें बेकिंग सोडा डालें। इससे केक ज्यादा फ्लफी बनेगा। अब हल्के हाथों से चलाएं। बैटर को अब बेकिंग ट्रे में डाल दें। स्पैचुला की मदद से इसे फैलाएं। ऊपर से तिल या फ्रूट चेरी डाल दें। इस ट्रे को कुकर में रख दें। कुकर का ढक्कन लगाएं। इसकी सीटी निकाल दें। मध्यम आंच पर तकरीबन 40-45 मिनट तक बेक करने के बाद केक में चाकू डालकर देखें कि केक बेक हो गया है या नहीं। चाकू अगर साफ बाहर आ गया है तो समझें कि केक अच्छी तरह बेक हो गया है। अगर चाकू पर बैटर चिपक रहा है तो अभी केक को कुछ देर और बेक करें। बेक हो जाने के बाद स्लाइसेज में काटकर सर्व करें और एंजॉय करें।

शब्द सामर्थ्य- 345

बाएं से दाएं

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

ऊपर से नीचे

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 344 का हल

खा	म	खां			इं			
स	ह		ब	र	सा	त		प
	क	हा	नी		न	क	च	ढ़ा
त			स्ब			ली		ई
क	या	म	त		क	फ	न	
दी		र्दा		बा	बू		ह	वा
र	ह	ना		ल	त	खो	र	
	वा		नौ	क	र			सा
भा	ई		का			बा	द	ल

सू-दोकू- 345

	9		1	6		2		7
3								
		6					9	
7			5		1		3	
	8			9		6		2
		4					7	
	3				2	9		6
6		7	3					4
	4			1		7	8	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.344का हल

2	6	3	9	8	7	1	5	4
8	5	1	3	2	4	6	7	9
9	4	7	1	5	6	8	2	3
3	9	8	6	7	1	5	4	2
6	1	2	5	4	3	9	8	7
5	7	4	8	9	2	3	1	6
1	2	6	7	3	5	4	9	8
4	8	5	2	6	9	7	3	1
7	3	9	4	1	8	2	6	5